मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः10.03.2026

चिकित्सक से इलाज हेतु कॉल पर अपॉइंटमेंट देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़ित के खाते से की गयी ₹ 99,000/- की साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि को थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

दिनांक 08.08.2025 को आवेदक श्याम नारायण सिंह पुत्र राजमणी सिंह निवासी ग्राम मरचा थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर ठगी की घटना के सम्बन्ध में शिकायत दी गयी कि चिकित्सक से इलाज हेतु कॉल पर अपॉइंटमेंट देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के खाते से ₹ 99,000/- की ठगी कर ली गयी । थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त उपरोक्त फ्राड की घटना में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गयी ।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जाँच के दौरान सम्बन्धित बैंक/मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर पैसे को होल्ड कराते हुए पीड़ित के खाते में साइबर फ्राड की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 99,000/- को आवेदक के खाते वापस करायी गयी । खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारीगण एवं थाना मड़िहान साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया । थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी के बारें में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा अन्य भी लोगों को बताये जाने की बात बतायी गयी ।

थाना मड़िहान साइबर सेल टीम —

निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक मड़िहान, जनपद मीरजापुर ।

आरक्षी कुलदीप पाल, साइबर सेल टीम, थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर ।

उत्तर प्रदेश पुलिस